विज्ञान मॉडल स्पर्धा में मिला तीसरा स्थान

सिटी भास्कर | नागपुर

दी ब्लाइंड रिलीफ एसोसिएशन नागपुर के मुंडले इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा मनुश्री वरटकर ने 66वें सीएसआईआर नीरी स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विज्ञान मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता प्रदर्शनी में तीसरा पुरस्कार जीता है। पुरस्कार के रूप ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिया गया, साथ ही विद्यालय के 20 छात्र एवं सहायक अध्यापिका अर्चना कुलकर्णी (गणित विभाग प्रमुख), सुचिता मालपे तथा मृणाल हस्तक ने विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर शाला के अध्यक्ष मकरंद पांढरीपांडे, मुख्याध्यापक (माध्यमिक) मंजुल मेहता, मुख्याध्यापक (प्राथमिक) मेघा पाध्ये, पर्यवेक्षिकाशिल्पा डोंगरे ने विजेता छात्रा को बधाई दी।

दैनिक भास्कर
Sat, 13 April 2024
https://epaper.bhaskarhindi.com/c/74902069